व्यापारिक आधार पर चालू कर देने की सम्भावना है। इस के पश्चात् अन्य दो यूनिटों को क्रमश: 3 से 4 महीनों के अन्तराल में चालू करने की संभावना है। बिजली की और मांगों को पूरा करने के लिए दिल्ली के निकट बदरपुर में एक बिजली घर के प्रतिष्ठापन को स्वीकार किया गया है जिसकी प्रतिष्ठापित क्षमता 300 मैगावाट होगी। इसके परिणामस्वरूप और दिल्ली के सहवर्ती राज्यों में चौथी योजना के दौरान हाथ में ली जाने वाली बिजली विकास योजनाओं के परिणामस्वरूप, बिजली की सप्लाई काफी मात्रा में होती रहेगी।

देश में दिल तथा रक्त चाप की बीमारियां

*684. **श्री रामगोपाल शालवाले :** क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में दिल तथा रक्त चाप की बीमारियां बड़ी तेजी से फैल रही हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन बीमारियों के मूल कारणों की जांच की है;

(ग) क्या यह भी सच है कि चाय, शराब तथा धूम्र-पान के अधिक प्रयोग के कारण ये बीमारियां बढ़ रही हैं; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इन वस्तुओं के अधिक प्रयोग को रोकने का है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० श्रीपति चन्द्रशेखर) : (क) यह आम विचार है कि दिल की तथा रक्तचाप की बीमारियां बढ़ रही हैं।

(ख) इन बीमारियों के कारणों की भारत के साथ साथ दूसरे विकसित देशों में भी जांच हो रही है।

(ग) अधिक धूम्रपान का दिल की बीमारियों से सह-सम्बन्ध होने के कुछ प्रमाणों के अलावा इस सम्बन्ध में कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं।

(घ) सरकार की स्वास्थ्य शिक्षा गतिविधियों के एक अंग के रूप में जनता को धूम्रपान के हानिकारक परिणामों से अवगत कराने के लिये पहले से ही कदम उठाये जा रहे हैं।

दिल्ली में पेय जल की कमी

*686. **डा० सूर्य प्रकाश पुरी :**
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री महन्त दिग्विजय नाथ :
श्री शिवकुमार शास्त्री :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री रामावतार शर्मा :

क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिल्ली में पीने के पानी की कमी की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या इस सम्बन्ध में दिल्ली नगर निगम तथा दिल्ली महानगर परिषद् से सरकार ने सम्पर्क बनाये रखा है;

(ग) क्या इस स्थिति को और अधिक बिगड़ने से रोकने के लिये सरकार ने तुरन्त कुछ ठोस कार्यवाही करने का निश्चय किया है; और

(घ) यदि हां, तो क्या ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० श्रीपति चन्द्रशेखर) : (क) जी हां। कुछ क्षेत्रों में पानी की कमी की शिकायतें सरकार के ध्यान में लाई गई हैं।

(ख) इस सम्बन्ध में सरकार दिल्ली नगर निगम के साथ लगातार सम्पर्क बनाये हुए है। किन्तु दिल्ली में जलपूर्ति के सम्बन्ध में स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मंत्रालय को